# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–08 जुलाई 2025** **सान्ध्य समाचार**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बलरामपुर जिले में कथित धर्मांतरण व उत्पीड़न के मामले में कड़ी कार्रवाई के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई है। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

***मुख्यमंत्री ने कहा है कि प्रदेश सरकार कानून व्यवस्था को लेकर किसी प्रकार की ढिलाई नहीं करेगी। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि राज्य में शांति, सौहार्द और महिलाओं की सुरक्षा को भंग करने वालों के लिए कोई स्थान नहीं है। उन्हें कानून के अनुसार ऐसी सजा दी जाएगी, जो समाज के लिए एक उदाहरण बने। मुख्यमंत्री ने महिला सुरक्षा के प्रति सरकार की वचनबद्धता पर जोर देते हुए कहा है कि सरकार बहन बेटियों की गरिमा और सुरक्षा के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है। समाचार कक्ष से मैं वेद प्रकाश पाठक***

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज अपने सरकारी आवास पर एक उच्चस्तरीय बैठक में महिला आर्थिक सशक्तिकरण सूचकांक का अवलोकन किया। उन्होंने इस सूचकांक को नारी गरिमा और आत्मनिर्भरता की दिशा में उत्तर प्रदेश का एक ऐतिहासिक कदम बताया। मुख्यमंत्री ने सभी विभागों से अपेक्षा की है कि वे इस सूचकांक को कार्य का आधार बनाएं और निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध ढंग से प्राप्त करें।

प्रदेश के सूचकांक योजना विभाग द्वारा तैयार किए गए महिला आर्थिक सशक्तिकरण सूचकांक का उद्देश्य राज्य की योजनाओं और कार्यक्रमों से महिलाओं को मिलने वाले लाभों का सटीक मूल्यांकन करना और इसमें सुधार के लिए सही दिशा तय करना है।

**********

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गौतम बुद्ध नगर जिले के जेवर के पास फरीदाबाद–नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट कॉरिडोर पर पौधरोपण अभियान में हिस्सा लिया। इस अवसर पर आयोजित जनसभा को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान धरती माता के प्रति एक कर्तव्यपरायण पहल है और यह नागरिकों की सांस्कृतिक तथा नैतिक जिम्मेदारी भी है।

एक पेड़ मां के नाम के दूसरे चरण के तहत आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री श्री गडकरी ने प्रदूषण की रोकथाम में परिवहन विभाग की भूमिका का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि परिवहन विभाग, पारिस्थितिकी तथा पर्यावरण के प्रति अधिक जिम्मेदारी वहन करता है, क्योंकि देश में चालीस प्रतिशत प्रदूषण सीधे तौर पर परिवहन क्षेत्र के कारण है। आयोजन में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री अजय टम्टा और राजमार्ग तथा कॉर्पोरेट कार्य राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा भी शामिल हुए।

**********

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने मेरठ के सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि विश्वविद्यालय में नवनिर्मित कृषि तकनीकी नवाचार केंद्र का आज उद्घाटन किया। यह केंद्र विश्वविद्यालय और पंजाब के रोपड़ स्थित भारतीय प्रोद्योगिकी संस्थान ने संयुक्त तौर पर विकसित किया है।

इस अवसर पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि देश के किसानों की आय लगातार बढ़ रही है। उन्होंने कृषि में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस–एआई की महत्ता का उल्लेख किया और कहा कि आने वाले समय में तकनीक हमे बताएगी कि खेतों की क्षमता क्या है और उसकी उत्पादन क्षमता क्या है। इसकी मदद से किसानों की आमदनी बढ़ाई जा सकेगी।

कार्यक्रम में केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्य मंत्री जयंत चौधरी और प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने भी हिस्सा लिया।

**********

प्रदेश में सावन महीने में कावड़ यात्रा के सुचारू संचालन को लेकर व्यापक तैयारियां अंतिम चरण में हैं। इसी क्रम में सरकार के उर्जा एवं नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने आज उर्जा और नगर विकास विभाग के अधिकारियों के साथ लखनऊ में बैठक की। बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में श्री शर्मा ने कहा कि चूंकि कावड़ यात्रा रात में भी चलती है, इसलिए यात्रा के मार्ग पर पथ प्रकाश की समुचित व्यवस्था की जा रही है। साथ ही स्थानीय निकायों को क्षेत्र में सड़कों पर पड़ने वाले मेनहोल को खुला न छोड़ने का निर्देश दिया गया है। साफ सफाई के समुचित प्रबंध के लिए भी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं।

**********

श्री अमरनाथ जी यात्रा आज छठे दिन भी सुचारू रूप से जारी है । यह यात्रा दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले में नुनवाना पहलगाम बेस कैंप और मध्य कश्मीर के गांदरबल जिले में बालतल बेस कैंप के दोहरे मार्गों से चल रही है। एक रिपोर्ट–

***धार्मिक उत्साह के साथ पिछले पांच दिनों के दौरान तिरानवे हजार तीन सौ से अधिक यात्रियों ने पवित्र गुफा में शिवलिंगम के दर्शन किए। प्रति दिन कई हजार यात्री श्रीनगर–जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग पर सुरक्षा व्यवस्था के तहत जम्मू आधारित शिविर से निकलते हैं, जो कश्मीर क्षेत्र में अपने संबंधित आधार शिविरों तक सुरक्षित पहुंच जाते हैं। देशभर से यात्री कश्मीर क्षेत्र में सभी प्रकार की व्यवस्थाओं, सुविधाओं और सुरक्षित वातावरण से प्रसन्न और संतुष्ट हैं। तारीक राथर, आकाशवाणी समाचार, श्रीनगर।***

**********

अयोध्या के हलकरापुरवा के गेट नंबर एक सौ आठ के पास निर्माणाधीन रेलवे पुल का गाटर गिर जाने से आज दोपहर बाद से रेलवे ट्रैक पर यातायात प्रभावित रहा। इसके कारण करीब आधा दर्जन ट्रेनों का संचालन प्रभावित हुआ है।

**********